# PMI ने उत्तर प्रदेश को 50 ई-बसें सौंपीं

## चर्चा में क्यों?

प्रमुख इलेक्ट्रिक बस निर्माता कंपनी **PMI इलेक्ट्रो मोबलिटिी** ने **उत्तर प्रदेश में** 50 ई-बसों की डिलीवरी की है, जो अयोध्या में उपयोग की जाएँगी।

## मुख्य बिंदु:

- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने **शून्य-कार्बन सार्वजनिक गतिशीलता पहल के तहत** अयोध्या धाम बस स्टैंड से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- इससे **गणमान्य व्यक्तियों, तीर्थयात्रियों और स्थानीय नागरिकों** को **वायु प्रदूषण** को कम करने के लिये अयोध्या में **हरित परिवहन मिशन** के पूरक सार्वजनिक परिवहन की टिकाऊ तथा आरामदायक सुविधा मिलेगी।

## नेट-शून्य लक्ष्य

- नवंबर, 2021 में **जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (COP 26) के 26वें सत्र में** भारत ने वर्ष 2070 तक नेट शून्य हासिल करने के अपने लक्ष्य की घोषणा की।
- भारत की दीर्घकालिक **निम्न-कार्बन विकास रणनीति समानता और जलवायु न्याय के सिद्धांतों** एवं सामान्य लेकिन विभेदित ज़िम्मेदारियों व संबंधित क्षमताओं के सिद्धांत पर आधारित है।
- सरकार ने **देश में तेज़ी से बढ़ती पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान के लिये कई कदम उठाए हैं:**
    - **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC)** ने जनवरी, 2019 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य सभी हितधारकों को शामिल करके 131 गैर-प्राप्ति वाले शहरों तथा 24 राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों के मिलियन प्लस शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार करना है।
        - **NCAP के कार्यान्वयन की निगरानी के लिये एक पोर्टल PRANA लॉन्च किया गया है।**

- NCR और आसपास के क्षेत्र में **वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM)** ने औद्योगिक एवं अन्य अनुप्रयोगों हेतु NCR के लिये अनुमोदित ईंधन की एक मानक सूची के साथ-साथ NCR में वायु प्रदूषण को रोकने के लिये एक नीति बनाई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-delivers-50-e-buses-to-uttar-pradesh